बिहार सरकार

ग्रामीण विकास विभाग

पत्रांक 2591088 / पटना/ दिनांक 22/02/2024

ग्रा0वि0-11/वि0वि0प0- 10/2024

प्रेषक

नन्द किशोर साह,
अपर सचिव।

सेवा में,

सचिव,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना ।

विषय :- श्री अशोक कुमार अग्रवाल (कटिहार त्रिस्तरीय पंचायती राज), मा0स0वि0प0 से प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0- Neva-1/206/567 के हस्तांतरण के संबंध में ।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक श्री अशोक कुमार अग्रवाल (कटिहार त्रिस्तरीय पंचायती राज), मा0स0वि0प0 से प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0- Neva-1/206/567 का विषयवस्तु ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित है ।

अत: तारांकित प्रश्न सं0- Neva-1/206/567 की प्रति संलग्न करते हुए अनुरोध है कि अपने स्तर से प्रश्नोत्तर बिहार विधान परिषद सचिवालय को भेजने की कृपा की जाय ।

इसकी सूचना बिहार विधान परिषद सचिवालय को भी प्रेषित की जा रही है।

अनु0- यथोक्त ।

विश्वासभाजन

2-2-24

(नन्द किशोर साह)

अपर सचिव

ज्ञापांक 2591088 / पटना, दिनांक 22/02/2024

प्रतिलिपि- बिहार विधान परिषद के प्रश्नोत्तर शाखा (NEVA) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. अनुरोध है कि उपर्युक्त तारांकित प्रश्न को ग्रामीण विकास विभाग की सूची से विलोपित करने की कृपा की जाय।

अपर सचिव 2-2-24

ज्ञापांक 2591088 / पटना, दिनांक 22/02/2024

प्रतिलिपि- माननीय मंत्री के आप्त सचिव/ प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित ।

अपर सचिव 2-2-24

हस्तान्तरण 533

बिहार विधान परिषद प्रश्न

1/206/567

सड़क का निर्माण

07/02/2024 20/02/2024

*1/206/567 श्री अशोक कुमार अग्रवाल(कटिहार त्रिस्तरीय पंचायती राज)

ग्रामीण विकास

(क) क्या यह सही है कि कटिहार जिला के हसनगंज प्रखंड अन्तर्गत गाँव गजिया संथाली टोला के निवासित आदिवासी परिवारों को मुख्य मार्ग तक आवागमन के लिए कोई सड़क नहीं है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त गाँव के लोग कच्ची सड़क से मुख्य मार्ग तक आवागमन में सड़क के रूप में उपयोग किया जाता है;

(ग) क्या यह सही है कि बरसात के दिनों में नहर में अत्यधिक पानी रहने के साथ-साथ कीचड़ हो जाने से आवागमन में ग्रामीणों को काफी कठिनाई होती है;

(घ) यदि उपरोक्त खण्ड स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त गाँव के लोगो को मुख्य मार्ग निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कबतक ?